परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009 (U.P.) India
Accredited A++ by NAAC
Website://ddugu.ac.in

पत्रांकः 8043/प0नि0का0/2024 दिनांकः 27/12/2024

सूचना

विदित हो कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21/08/2024 को लिए गये निर्णय के अनुसार प्रयोगात्मक/मौखिकी/आन्तरिक अंको को आनलाइन पार्टल पर अपलोड करने हेतु परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 दिनों पूर्व खोला जायेगा एवं **जिन महाविद्यालय द्वारा निर्धारित समयावधि में आंन्तरिक मूल्यांकन का अंक पूरित नही किया जाता है उन्हे 5000/– रूपये अर्थदण्ड के साथ अगले 15 दिनों की समयावधि प्रदान की जायेगी। उक्त के** क्रम में सत्र 2024–25 हेतु परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 दिनों पूर्व ही आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षाओं के अंको को आनलाइन पूरित किये जाने हेतु पोर्टल खोल दिया गया था। परन्तु पोर्टल खोले जाने के पश्चात भी पत्र के साथ संलग्न सूची के अनुसार कुछ पेपर कोड के आन्तरिक/प्रयोगात्मक/ मौखिकी के अंक अपलोड नही किये गये है।

अतः समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों/विभागों से अनुरोध है कि उक्त सूची के अनुसार दिये गये पेपर कोड के आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिकी के अंक नियत समयान्तर्गत आनलाइन पोर्टल पर पूरित करवाया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में अर्थदण्ड के साथ ही पोर्टल खोला जाना सम्भव होगा एवं परीक्षा परिणाम पूर्ण न होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालयों/विभागों की होगी।

नोट: सूची महाविद्यालय एवं विभागों की लॉगिन पर उपलब्ध है।

27/12/2024

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त से अवगत होते हुए उपरोक्तानुसार आनलाइन अंको को अपलोड करवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त से अवगत होते हुए उपरोक्तानुसार आनलाइन अंको को अपलोड करवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कोडिंग एवं परीक्षाफल एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करवाया जाना सुनिश्चित करें।
5. प्रभारी, सचिव कुलपति, माननीया कुलपति जी के सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक